हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–232 : जौनपुर, शुक्रवार 19 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## सीएम ने नवनिर्वाचित महापौर से मुलाकात कर सभी से अच्छा और नया करने की जताई उम्मीद

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हाल ही में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय चुनावों में नवनिर्वाचित नगर निगम मेयरों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम योगी ने सभी मेयरों को विजय पर बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही पीएम मोदी के विजन यानी 'आत्मनिर्भर भारत' की तर्ज पर अपने–अपने नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने नगर निगमों की आय बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ सभी मेयरों को नगर निगमों की एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। कुछ नया करने का दिया सुझाव नगर निगमों में चुनाव जीतकर आए भाजपा के 6 मेयर शुक्रवार को सीएम योगी से मुलाकात करने उनके सरकारी आवास पहुंचे। इस अवसर पर सीएम योगी ने सभी मेयरों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने 'कुछ अच्छा' और 'कुछ नया' करने का सुझाव दिया। सीएम ने क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के प्रति सक्रिय और सजग रहने को भी कहा। उन्होंने मेयरों को अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य को प्राथमिकता पर रखने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को भी तरजीह देने को कहा। इसके अलावा नगरीय इलाकों में आवारा कुत्तों की समस्याओं के निराकरण को भी प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। विभिन्न माध्यमों से बढ़ाएं नगर निगम की आय मुलाकात में सीएम योगी ने नगर निगमों की आय को बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की चर्चा को प्रमुखता से रखा। उन्होंने नगर निगम के टैक्सेशन में सुधार समेत आय के अन्य साधनों पर जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैक्सेशन के लिए आम नागरिकों को सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि वो सरलता से अपने टैक्स जमा कर सकें। कहीं ऐसी कोई समस्या न आने पाए कि डिफॉल्ट की स्थिति



उत्पन्न हो। लोगों को टैक्स जमा करने के प्रति जागरूक किया जाए। ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की जाएं। सीएम ने मेयरों को जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहने और उनके साथ तालमेल बनाकर काम करने के लिए भी निर्देशित किया। कॉमन समस्याओं के निदान पर भी दिए निर्देश इसके अलावा सीएम ने ऐसी समस्याओं के निदान पर भी जोर दिया, जो सभी नगर निगमों में कॉमन हैं। इनमें सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधारने, नाला सफाई और स्वच्छता समेत अन्य अहम समस्याएं शामिल रहीं। अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर भी सीएम ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अवैध टैक्सी स्टैंड को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाएं। इन अवैध टैक्सी स्टैंड के अल्टरनेटिव पर भी काम किया जाए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी बड़े चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए थे, जहां अभी ये कार्य न हुआ हो वहां प्राथमिकता के आधार पर इसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। सीएम से मुलाकात करने वाले मेयरों में मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल, वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी, कानपुर की मेयर प्रमिला पांडे, बरेली के मेयर उमेश गौतम, फिरोजाबाद की मेयर कामिनी राठौर और सहारनपुर के मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह सम्मिलित रहे।

## अवैध रूप से यातायात वाहन के संचालन को प्रभावी ढंग से रोकना सुनिश्चित करे–जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और यातायात एवं सड़क चौड़ीकरण के कार्य की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जहां भी अवैध रूप से यातायात वाहन का संचालन हो रहा है उसे प्रभावी ढंग से रोकना सुनिश्चित किया जाए, जिससे शहर में जाम की समस्या का निजात मिल सके।

उन्होंने कहा कि शहर के अंदर बहुतायत संख्या में चल रहे ई–रिक्शा को स्थानध्मार्ग आवंटित किया जाए और जेसीज चौराहे से ओलनगंज तक सड़क चौड़ीकरण के सन्दर्भ में निर्देशित किया कि अवैध अतिक्रमण चिन्हित करते हुए भवन स्वामियों को स्वयं के स्तर से अतिक्रमण हटाया जाये अन्यथा प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाया जायेगा। तदोपरान्त जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में एफएचटीसी के कार्यों की भौतिक प्रगति निराशाजनक पायी गयी जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी



संस्थाओं को भौतिक प्रगति में एफएचटीसी और योजनाओं के कार्यों को तेज करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, उपायुक्त मनरेगा, अधि0अभि0 जलनिगम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आशनाई में हुई थी संदीप की हत्या : हत्या आरोपी पति पत्नी गिरफ्तार : पुलिस में 24 घण्टे में किया घटना का खुलासा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव में गुरुवार को हुई युवक की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया।पुलिस के अनुसार हत्या आशनाई के चक्कर में हुई। घटना को अंजाम पति पत्नी ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतारा दिया था। पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर पति पत्नी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर खून से सना कंबल बिस्तर कपड़ा व घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। गुरुवार को रामदास पुर गांव में रेलवे पटरी के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला था जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी थी कि तभी शव की शिनाख्त संदीप कुमार निवासी इजरी थाना जलालपुर के रूप में हुई ।पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफतारी के लिए अलग–अलग टीमें बनाकर दबिश दे रही थी। पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपी कल्पना पत्नी अजय 32 वर्ष व अजय कुमार पुत्र जियालाल 32 वर्ष निवासी उर्दू बाजार थाना कोतवाली जौनपुर को मिसिरपुर जफराबाद से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना का शुक्रवार को खुलास करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर बृजेश कुमार ने बताया कि आशनाई के चक्कर में ही युवक की पति–पत्नी ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया। जफराबाद थाना क्षेत्र के मिसिरपुर गांव में संदीप की अवैध संबंधों को लेकर अजय और उसकी पत्नी कल्पना ने धारदार हथियार से चाकू से हत्या कर दी थी।



इसके संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की गई तो इस घटना में संलिप्त पति–पत्नी की गिरफ्तारी किया है।मौके से चाकू और खून से सना कपड़ा बरामद किया गया है।संदीप का कल्पना से अवैध संबंध था संदीप कल्पना के पति अजय का दोस्त है। जिस कारण से उसके घर आना जाना था अजय इसको बर्दाश्त नहीं कर पाया। 15 मई को कल्पना की बेटी संध्या का बर्थडे था इस पर संदीप से 10 हजार रुपये की मांग की गई थी संदीप द्वारा पैसे नदेने पर पर पति–पत्नी ने मिलकर योजना बनाकर 17 मई को घर बुलाया और अपने विश्वास में लेकर दोनों दिन भर घूमते रहे रात मछली बनाया अजय ने संदीप को दारू पिलाया और जब वो दारु पीके बेहोश हो गया तो उसे धारदार हथियार चाकू से वार पर दिया और मौत के घाट उतार दिया।घटना को दूसरा रूप देने के लिये अजय ने संदीप की बाइक पर लाश लादकर पत्नी के साथ रामदास पुर गांव के किनारे रेलवे किनारे छोड़ दिया।अजय गाड़ी चला रहा था जबकि उसकी पत्नी बाइक के पीछे चल रही थी। घटना का निष्पक्ष पूर्ण ढंग से खुलासा करने के लिए जफराबाद थाना अध्यक्ष सहित उनकी पूरी टीम को अपर पुलिस अधीक्षक ने 5000 हजार रुपये पुरस्कार देने की भी घोषणा किया है।

## बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ हुआ समर कैंप का समापन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में सात दिवसीय चल रहे समर कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। बच्चों ने एक से एक बढ़कर शानदार प्रदर्शन किया। इस कैंप में विभिन्न वर्गों के बच्चों के डांस प्रतियोगिता ,आर्ट और क्राफ्ट, पेंटिंग, टेनिस, बास्केट बॉल ,बैडमिंटन, फुटबॉल ,स्केटिंग, खो खो ,रोप जंपिंग, गायन, मेहंदी ,स्वनिर्मित मिट्टी के आभूषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा योगा टीचर के द्वारा योगाभ्यास भी कराया गया जिससे बच्चों के मानसिक विकास के साथ–साथ शारीरिक विकास भी हो सके ।उनका शरीर कैसे स्वस्थ रहता है इसकी जानकारी बच्चों को दी गई। इसके अतिरिक्त समर कैंप में 3 दिन बच्चों को भ्रमण के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर ले जाया गया जिसमें प्रथम दिन बच्चों को रेलवे स्टेशन, दूसरे दिन बच्चों को कलेक्ट्रेट व तीसरे दिन उन्हें पुलिस लाइन जाया गया जहां बच्चों ने प्रशासनिक पुलिस तथा रेलवे की कार्यप्रणाली जानी तथा उक्त विभागों से जुड़ी अपने जीवन उपयोगी तमाम प्रकार की जानकारियों से रूबरू हुए। समर कैंप का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य या है कि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को उकेरना तथा बच्चों के टैलेंट को सबके सामने लाना। समर कैंप के दौरान सभी बच्चे उत्साह के साथ इस में भाग लेते हैं । साल भर की पढ़ाई के बाद बच्चों के मस्तिष्क को थोड़ा सा आराम देने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाता है । विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने बताया कि कैंप में बच्चों ने जो सीखा उसका बखूबी प्रदर्शन किया तथा बच्चों की रूचि के अनुसार खेल और अन्य एक्टिविटीज कराई गई जिसमें बच्चों ने पढ़ाई के साथ–साथ अपने मनपसंद खेलों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 7 दिनों में जो सीखा उसका आगे वे बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे । उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने बताया कि बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा




के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका विनीता शुक्ला, कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह ,मनसा बाजपेई, सोनम शुक्ला, नीलम राठौर ,शशि बाला ,शीलू मिश्रा, नाजरीन बानो, रेखा रानी ,सोनी तिवारी, सुधा गुप्ता ,स्वाति अवस्थी, पूजा ,अपर्णा ,खुशबू ,शिक्षक रामप्रकाश पांडेय, संजय गुप्ता ,अशोक कुमार गुप्ता ,उदय शुक्ला, देवेश प्रताप सिंह ,भूपेश सिंह, शुभम सिंह आदि मौजूद रहे। समर कैंप में विशेष सहयोग करने के लिए अर्पिता व कविता को किया गया सम्मानित पढ़ाई से इधर समर कैंप के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों व एक्टिविटीज से जोड़कर उनमें संपूर्ण विकास करने के उद्देश्य से श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने मनोरंजन के साथ प्रशासनिक व पुलिस से जुड़ी कार्यप्रणाली के लावा रेल विभाग के क्रिया कलाप तथा आरपीएफ की कार्यप्रणाली को बहुत ही नजदीक से जानने का प्रयास किया। समर कैंप के माध्यम से उन्हें काफी कुछ अपने जीवन की उपयोगिता से जुड़ी बातें भी जानने का अवसर मिला। समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका अर्पिता सिंह व कविता गुप्ता को विशेष सहयोग के लिए विद्यालय संस्थापक अखिलेश सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।

## होटल रेस्टोरेण्ट के विरूद्ध चलाये गये विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में सूचना

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में जनपद जौनपुर स्थित समस्त होटल/रेस्टोरेण्ट/ढ़ाबा परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के मानको का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिये सुधारात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत होटल/रेस्टोरेण्ट/ढ़ाबा के सघन निरीक्षण करते हुए प्रवर्तन कार्यवाही करने के उद्देश्य से जनपद जौनपुर में 18 मई 2023 से 22 मई 2023 तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष छापामार अभियान चलाया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही के अन्तर्गत 19 मई 2023 को खाद्य सचल दल द्वारा जनपद के विभिन्न तहसीलों के अन्तर्गत स्थित कुल 04 प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया तथा अलग–अलग प्रतिष्ठानो से सन्देह के आधार जनहित में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल–03 नमूनें जांच हेतु संग्रहीत करते हुए खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि आप लोग खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार संचालन हेतु अनिवार्य वैध खाद्य पंजीकरण/खाद्य अनुज्ञप्ति अवश्यक प्राप्त कर लें तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं सम्बन्धी विनियम 2011 में विहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए खाद्य कारोबार का संचालन करें, जिससे कि उपभोक्ताओं को पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वास्थ्यप्रद खाद्य/पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके अन्यथा कि स्थिति में पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही किया जाएगा।


## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक


## 24 मई को रोजगार मेला आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट नारायण नर्सिंग होम जौनपुर में 24 मई 2023 को प्रातः 10.00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की 09 कम्पनियों के द्वारा शैक्षिक योग्यता – हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी, जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी श्री शशिकान्त सरोज ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करें। सेवायोजन वेब पोर्टल–www.sewayoja.up.nic.in के माध्यम से भी अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## कलश यात्रा में जल भरने गये गर्रा नदी में लापता युवकों के शव बरामद

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई पाली थाना क्षेत्र के गाँव कछेलिया के दो युवक विश्वास और शिवम बीते गुरुवार को गर्रा नदी में डूब गये थे। शुक्रवार को ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों के शवों को गर्रा नदी से बाहर निकाल लिया गया। दोनों युवकों के शवों





को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।आपको बता दें कि बीते गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर कछेलिया से काफी संख्या में लोग कलश लेकर बैजूपुर गाँव में गर्रा नदी से जल भरने आये थे। ट्रैक्टर ट्राली से उतरकर चार युवक नदी में स्नान करने लगे। अचानक चारों युवक गहरे पानी में चले गये और डूबने गये। यह देख बैजूपुर निवासी एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी और उसने गुरुबख्श और सोहन में पानी से बाहर निकाल लिया। वहीं विश्वास और शिवम गहरे पानी में लापता हो गये। लेकिन नदी में डूबे विश्वास और शिवम दोनों युवकों की तलाश जारी रही।काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे विश्वास कश्यप एवं शिवम कुशवाहा के शवों को नदी से बाहर निकाल लिया गया। युवकों के शवों को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।इस दर्दनाक घटना के बाद खुशी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में बाइक सवार बीटेक छात्र की मौत

लखनऊ ब्यूरो : पीजीआई इलाके की वृंदावन कॉलोनी में बुधवार को बेकाबू कार ने बाइक सवार बीटेक छात्र अंकुश राजपूत (28) की जान ले ली। पुलिस के मुताबिक, हेलमेट न पहने होने के चलते सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिवार में रोना–पीटना मच गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से कार चालक का पता लगा रही है।पुलिस के मुताबिक, कुंडरी रकाबगंज का अंकुश राजपूत बीटेक प्रथम ईयर का छात्र था। मृतक के भाई संदीप ने बताया कि कोरोना के चलते अंकुश ने बीच में ही बीटेक की पढ़ाई छोड़ दी थी। इसी वर्ष उसने एक निजी इंस्टीटयूट में बीटेक में दाखिला लिया था। मंगलवार को वह पीजीआई स्थित वृंदावन कॉलोनी में बहनोई राजकुमार के घर गया था। रात में वहीं रुका और बुधवार सुबह दोनों भांजों को छोड़ने जीजा की बाइक से स्कूल गया था। लौटते समय वृंदावन सेक्टर–11 चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से उसे टक्कर मार दी थी। वह बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर जाकर गिरा और कार चालक ने उसे रौंद दिया। यह देख राहगीरों ने पीछा किया तो चालक कार छोड़कर भाग निकला था। घायल अंकुश को तत्काल ट्रामा–2 में भर्ती कराया गया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। भाई संदीप ने बताया कि खर्च चलाने के लिए ट्यूशन पढ़ाता था। उसकी शादी तय हो गई थी। रोका भी हो गया था।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

सदा याद रहे कि दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# प्रकृति के सुकुमार कवि पद्मभूषण सुमित्रानंदन पंत

हिंदी साहित्य के प्रकृति प्रेमी कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म 20 मई 1900 को उत्तराखंड के कुमाऊं की पहाड़ियों में स्थित बागेश्वर के एक गांव कौसानी में हुआ था।उनके पिता का नाम पंडित गंगादत्त एवं मां का नाम सरस्वती देवी था। उनके जन्म के कुछ घंटों के भीतर ही उनकी मां का निधन हो गयाअतः उनका पालन पोषण उनकी दादी के हाथों हुआ। पंत अपने भाई –बहनों से सबसे छोटे थे और बचपन में उनका नाम गोसाई दत्त रखा गया।

पंत जी की शिक्षा– पंत जी की प्रारम्भिक शिक्षा अल्मोड़ा जिले में पूरी हुयी और 18 वर्ष की आयु में गोसाईदत्त नाम से ही हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन उन्हें अपना यह नाम पसंद नही आ रहा था अतः उन्होंने अपना नाम बदल कर सुमित्रानंदन पंत कर लिया । हाईस्कूल पास करने के बाद वे स्नातक करने के लिए इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज) गये और इलाहाबाद विश्व विद्यालय में प्रवेश लियाकिं तु स्नातक की पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर वह महात्मा गांधी के समर्थन में सत्याग्रह आंदोलन में कूद पड़े और स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर सके किंतु उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और बंगाली साहित्य का अध्ययन करना नियमित रखा । अल्मोड़ा अखबार, सरस्वती, वेंकटेश समाचार जैसे समचार पत्रों को पढ़ने से उनकी कविता में रुचि विकसित हुयी।कालेज में उन्हें सरोजिनी नायडु ,रवींद्र नाथ टैगोर और अन्य अंग्रेजी भाषा के कवियों को पढने का अवसर मिला ।

पंत जी का रचनात्मक जीवन – पंत जी ने कक्षा 4 से ही लिखना प्रारम्भ कर दिया था । उन की साहित्यिक यात्रा का आरम्भ छोटी– छोटी कविताओं से हुआ । वर्ष 1922 में सुमित्राननंदन की पहली पुस्तक "उच्छव" और दूसरी "पल्लव" नाम से प्रकाशित हुयी फिर "ज्योत्सना" और "गुंजन" प्रकाशित हुए। उनकी रचनाओं का पहला संकलन 1927 में "वीणा" नाम से प्रकाशित हुआ। पंत की ये कृतियां कला और सौंदर्य की अनुपम कृति मानी जाती हैं। हिंदी साहित्य में इस काल को पंत का स्वर्ण काल भी कहा जाता है।

वर्ष 1930 में पंत महात्मा गांधी के साथ नमक आंदोलन में शामिल हुए और देश के प्रति गंभीर हो गये। वह कुछ समय कालाकांकर में भी रहे जहाँ ग्रामीण जीवन से उनका परिचय हुआ। यहां पर उन्होंने ग्रामीण जीवन की दुर्दशा पर कविताएं लिखीं। पंत जी ने अपनी कविताओं में न केवल प्रकृति के सौन्दर्य को स्थान दिया वरन प्रकृति के माध्यम से मानव जीवन के बेहतर भविष्य की कामना भी की ।उनकी साहित्यिक यात्रा के तीन चरण माने गये हैं जिसमें पहले चरण में वे छायावादी, दूसरे चरण में प्रगतिशील और तीसरे चरण में अध्यात्मवादी है।ये तीन चरण उनके जीवन में आने वाले परिवर्तनों के प्रतीक भी हैं। पन्त पांडिचेरी के अरविंदो आश्रम गये और श्री अरविंदो के दर्शन के प्रभाव में आये यही उनकी आध्यात्मिक यात्रा का प्रस्थान बिंदु माना जाता है ।

हिंदी साहित्य को व्यापक रूप देने के लिए पन्त ने 1938 में "रूपाभ" नामक एक प्रगतिशील पत्रिका का शुभारम्भ किया।पंत जी ने 1955 से 1962 तक आल इंडिया रेडियो में भी कार्य किया। पंत जी के प्रमुख कविता संग्रह वीणा, गांधी, पल्लव हैं । इसके अतिरिक्त गुंजन, युंगाल, युगवाणी, ग्राम्या, स्वर्णकिरण, स्वर्णधुली, युगांतर, उत्तरा, युगपथ,चिदंबर, काल, बुद्धचंद और लोकायतन भी उनके चर्चित कविता संग्रह हैं।

गद्य में यद्यपि पन्त जी ने अधिक कार्य नहीं किया किन्तु उनकी कहानियों का एक संग्रह "पांच कहानियां" प्रकाशित हुआ तथा 1960 में एकमात्र उपन्यास हर और 1963 में एक आत्मकथात्मक संस्मरण "सिक्सटी इयर्स –एक रेखा" भी प्रकाशित हुआ ।यह उपन्यास उनकी विचारधारा और लोकजीवन के विषय में जानकारी देता है।

पन्त जी ने कविताओं में प्रकृति के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है।छठी कक्षा में उन्होंने बारिश को देखकर पहली कविता लिखी थी। पर्वत प्रदेश उत्तराखंड पर भी कविताएं लिखीं। पंत जी ने चींटीसे लेकर ग्रामीण युवती के सौंदर्य पर भी कविता लिखी है जिसे ग्राम्य में पढ़ा जा सकता है।

सुमित्रनांदन पंत जी के प्रकृति चित्रण में प्रकृति का वर्णन आलंबन रूप, उद्दीपक रूप, संवेदनात्मक रूप, रहस्यात्मक रूप, प्रतीकात्मक रूप, मानवीकृत रूप, प्रकृति का आलंकृत रूप तथा दूती रूप में भी मिलता है।वह अपनी कविताओं में बादलों से बरसने का आह्वान भी करते दिखाई देते हैं। वसंत, वर्षा, पतझड़ सभी ऋतुएँ पन्त की कविता में हैं। पंत जी की भाषा शैली अत्यंत सरस एवं मधुर है।सरलता, मधुरता, चित्रात्मकता, कोमलता, और संगीताकात्मकता इनकी शैली की प्रमुख विशेषताएं हैं।

सम्मान और पुरस्कार– सुमित्रानंदन पंत जी को उनकी रचनाओं के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं।वर्ष 1960 में पंत जी को उनके कविता संग्रह "काला और बुद्ध चंद" के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 1961 में पद्म भूषण मिला । वर्ष 1968 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। कविता संग्रह, 'चिदंबरा" और "लोकायतन" के लिए सोवियत संघ की सरकार द्वारा नेहरू शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विचारधारा – पंत जी का संपूर्ण साहित्य "सत्यम शिवम सुंदरम" के आदर्शों से प्रभावित होते हुए भी सामायिक रहा। उनकी अंतिम कविताएं अरविंद दर्शन और मानव कल्याण की भावनाओं से प्रेरित हैं।पंत जी सौंदर्य के उपासक थे । प्रकृति, नारी और कलात्मक सांदर्य इनकी सौंदर्य अनुभूति के तीन मुख्य केंद्र रहे। इनके प्रकृति एवं मानवीय भावों के चित्र में कल्पना एवं भावों की सुकुमार कोमलता के दर्शन होते हैं इसी कारण इन्हें प्रकृति का सुकुमार कवि कहा गया। पंत जी का सम्पूर्ण काव्य साहित्य चेतना का प्रतीक है जिसमें धर्म, दर्शन, नैतिकता, सामाजिकता, भौतिकता, आध्यात्मिकता सभी का समावेश है।

आजीवन अविवाहित रहे प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी का 28 दिसंबर 1977 को निधन हो गया।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2023–24 के ऑनलाइन नामांकन प्रारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत सरकार के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा सत्र 2023–24 हेतु इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के ऑनलाइन नामांकन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है जे डी माध्यमिक लखनऊ कार्यालय के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन करने के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल पर बनी हुई अपनी स्कूल आई डी को लॉग इन कर के अपने स्कूल के कक्षा 6 से 10 तक में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के अधिकतम पांच उत्कृष्ट नवाचारी आइडियाज को अपलोड कर सकते हैं। स्कूल प्रिंसिपल इस बात का ध्यान रखें जिस छात्र छात्रा का ऑनलाइन नामांकन करवाना हो उस छात्र छात्रा के नाम का किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक में सक्रिय बैंक खाता होना अनिवार्य है,माता पिता भाई बहन के नाम के बैंक खाते का उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक विद्यालय अपने यहाँ से कुल पांच बेस्ट आइडियाज के नामांकन करवा सकते हैं,जिसमे छात्र– छात्रा द्वारा न्यूनतम 150 शब्दों की सिनोप्सिस (लेख) व् अपने सोंचे हुए मॉडल की एक पेज पर बनाई गयी इमेज होनी चाहिए। प्रत्येक



विद्यालय अपने स्कूल से अधिक से अधिक चयन प्राप्त करने के लिए स्कूल स्तर पर क्लास 6 से क्लास 10 के छात्र छात्राओं के मध्य बेस्ट आइडिया कंपटीशन करवाकर पांच बेस्ट आइडियाज का चयन कर सकते हैं। नामांकन के पश्चात् प्रथम स्तर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर भारत सरकार की ओर से प्रति छात्र प्रति मॉडल रूपये दस हजार डी बी टी के माध्यम से छात्र– छात्रा के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किये जाते हैं जिसका उपयोग करके चयनित छात्र अपने प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देते हैं।ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी प्रत्येक प्रिंसिपल अपने अपने स्कूल के छात्र छात्राओं से उनकी सिनोप्सिस ूिजेंचच से भी प्राप्त करते हुए नामांकन करवा सकते हैं।

## समर सिंह की जमानत अर्जी पर जिला जज की अदालत में सुनवाई पूरी : शाम तक आ सकता है आदेश

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वाराणसी की जिला जेल में बंद गायक समर सिंह उर्फ समरजीत सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर आज सुनवाई हुई। जिस पर शाम तक आदेश आने के आसार हैं। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई के दौरान वादिनी के अधिवक्ता ने आपत्ति दाखिल करने के लिए समय की मांग की। जिस पर अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 19 मई यानि आज की तय कर दी थी। बता दें कि भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे बीते 26 मार्च को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मृत मिली थीं। आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक समर सिंह को 6 अप्रैल की देर रात गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था। 8 अप्रैल को उसे न्यायिक अभिरक्षा में वाराणसी की जिला जेल में भेजा गया था। समर सिंह का दोस्त भी जेल में बंद इसी मामले में समर सिंह के दोस्त संजय सिंह को 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। 26 अप्रैल को समर सिंह की ओर से जमानत के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में प्रार्थना पत्र




दिया गया था। अदालत ने समर सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए 6 मई की तिथि नियत की थी। इसके बाद सुनवाई की अगली तिथि 9 मई नियत की गई थी। मगर, सिविल कोर्ट के स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर थे। इसलिए समर सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अगली डेट 17 मई नियत कर दी थी। अब समर सिंह को जमानत मिलेगी या नहीं यह आज तय हो सकता है।

# साइबर जालसाजों का नया पैंतरा : झांसा देकर उड़ा रहे खाते रुपये

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में साइबर जालसाज ठगी के नए–नए तरीके अपना रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को फोन करके उनको अतिरिक्त भत्ता देने के बहाने ठगी शुरू कर दी है। हाल के दिनों में कुशीनगर और गोरखपुर में दो अध्यापकों को जालसाजों ने शिकार बनाया है। शिकायत सामने आने पर आईजी ने गंभीरता से प्रकरण की जांच करने का निर्देश दिया है। उदाहरण के लिए नीचे कुछ केस दिए गए हैं। न्यौता पर जा रहे थे, झट से लिंक पर कर दिया क्लिक 16 मई 2023 को कुशीनगर जिले के एक शिक्षक के मोबाइल पर काल करके साइबर ठग ने चुनाव ड्यूटी का अतिरिक्त भत्ता भेजने की बात कही। खाता सत्यापन करने के लिए उसने अध्यापक का बैंक खाता का नंबर, आधार कार्ड सहित अन्य जानकारी ली। इसके बाद तत्काल रुपये देने के लिए भेजे गए लिंक को क्लिक करने को कहा। शिक्षक ने जैसे ही उस लिंक को क्लिक किया। उनके खाते से तीन बार छह हजार रुपये कट गए। भुगतान के नाम पर गायब हो गए 50 हजार 17 मई 2023 को गोरखपुर जिले के एक शिक्षक के मोबाइल पर फोन आया। साइबर ठग ने उनको ड्यूटी भत्ता बढ़ाकर देने की बात कही। उसने कहा कि एप के जरिए ऑनलाइन भुगतान होगा। उनसे एनी डेस्क एप डाउनलोड कराया। बातचीत के दौरान ही मोबाइल फोन को रिमोट पर लेकर उनके बैंक खाते से 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। हाल के दिनों में नए तरीके से साइबर ठगी के मामले सामने आए हैं। साइबर जालसाज चुनाव में ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को झांसा देकर उनके बैंक एकाउंट से रुपये उड़ा रहे हैं। गोरखपुर और कुशीनगर जिले में साइबर ठगी के शिकार हुए दो शिक्षकों की शिकायत पर साइबर सेल जांच कर रही है। साइबर सेल से जुड़े लोगों का कहना है कि साइबर फ्राड करने वाले शातिर रोजाना नए–नए तरीके अपनाते हैं। इसलिए सभी को सजग रहने की जरूरत है। आईजी ने दिए कार्रवाई के निर्देश साइबर ठगों से सजग रहने के लिए पुलिस




जागरूकता अभियान चलाएगी। ठगी के नए तरीके सामने पर आईजी जे रविंद्र ने रेंज के सभी जिलों को कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि थानों की पुलिस और बीट पुलिस अधिकारी लोगों को साइबर ठगी के तौर तरीकों से बचाव के उपाय बताएं। अपने बैंक खातों सहित अन्य गोपनीय जानकारी किसी से शेयर न करने की सलाह दें। ताकि ऐसी घटनाओं की रोकथाम हो सके। ये बरतें सावधानी साइबर ठगी से बचने के लिए किसी अंजान व्यक्ति की काल आने पर कोई जानकारी न दें। बैंक खाता नंबर, आधार कार्ड और पैन एकाउंट नंबर बताने पर जालसाज इसका दुरुपयोग करेंगे। किसी लिंक को क्लिक करने और कोई एप डाउनलोड करने का झांसा देने वालों से सतर्क रहें। किसी भी तरह के ऑफर और लालच में ना आएं। अच्छी तरह जांच करने के बाद ही किसी भी बैंक खाते में राशि डालें। फेसबुक, ट्विटर आईडी का पासवर्ड स्ट्रांग रखें, सरल पासवर्ड न रखें। कोई रुपयों की मांग करता है, तो पहले जांच लें या मैसेज करने वाले से फोन पर संपर्क करें। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन पर विवरण नहीं मांगते हैं। गोरखपुर आईजी जे रविंद्र ने कहा कि साइबर ठग नए–नए तरीके अपनाते हैं। इसलिए इनके झांसे में कतई न आएं। किसी को भी मोबाइल फोन पर कोई जानकारी न दें। जो भी शिकायतें सामने आई हैं। उनकी जांच के साथ ही लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

# सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के व्यापक प्रयास किये जायें –डीएम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी (डी०सी०डी०सी०) की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए व्यापक प्रयास किये जायें। इसके लिए अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया जाए। लोगों के मध्य जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत को सहकारिता से जोड़ने के लिए कार्ययोजना बनायी जाए। स्वयं सहायता समूहों को भी कार्ययोजना का हिस्सा बनाया जाए। जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डाटा बेस बनाने का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। जनपद में स्थापित सभी प्रकार की सहकारी समितियों की सक्रियता सुनिश्चित की जाए। सभी 505 दुग्ध समितियों को सक्रिय किया जाए। दुग्ध समितियों को चरणबद्ध रूप से सक्रिय करने के लिए एक मासिक लक्ष्य निर्धारित किया जाए। सहकारिता से जुड़े




समस्त विभाग समय–समय पर बैठकें करें। निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने के लिए एडीओ सहकारिता को जिम्मेदारी दी जाए। प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। मत्स्य सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाई जाए। समितियों की आर्थिक संरचना को बढ़ाने के लिए कार्य किया जाए। इनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्ययोजना बनायी जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निबंधक सहकारिता व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अनुराधा मिश्रा बनी श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल की प्रदेश सहकार्यकारी प्रमुख



हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समस्त हिन्दू सनातनियो को एकजुट व् जागरूक करने व् श्री कृष्ण जन्म भूमि को कानूनी लड़ाई के द्वारा आजाद कराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गठित श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के राष्ट्रिय अध्यक्ष राजेश मणि त्रिपाठी ने संघठन का विस्तार करते हुए हरदोई में रहने वाली समाजसेवी अनुराधा मिश्रा को उत्तर प्रदेश का प्रदेश सह कार्यकारी प्रमुख नियुक्त किया है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल के राष्ट्रीय कार्यकारी प्रमुख आदित्य शिखरवार ने अनुराधा मिश्रा को उत्तर प्रदेश के सहकार्यकारी प्रमुख पद का नियुक्ति पत्र सौपते हुए उम्मीद जताई की उनके नेतृत्व में संघठन प्रदेश में विधिवत काम करते हुए सनातन धर्म की रक्षा व् एकजुटता का काम करेगा उन्होंने बताया की शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी के निर्देशन में चल रहे इस संघटन में कई प्रमुख संतो, गायको, हिन्दू जागरण मंचो जैसे धीरेन्द्र शास्त्री जी, कन्हैया मित्तल, पंकज निगम आदि का निरंतर सहयोग मिल रहा है ।इस अवसर पर जिला प्रचारक व् प्रमुख संत आचार्य संतोष भाई जी महाराज, जिला प्रमुख अविनाश मिश्रा, कार्यकारी प्रमुख गौरव अग्रवाल, सरंक्षक डॉ चित्रा मिश्रा, लीला पाठक, उप प्रमुख अनूप कुमार अग्निहोत्री, तहसील प्रमुख शुभम बाजपेयी, सह संयोजक अपूर्व माहेश्वरी, महामंत्री डॉ सोहिनी द्विवेदी, प्रभारी आलोकिता श्रीवातव, प्रवक्ता इंदु बाला शुक्ला, सचिव अंजलि सिंह तथा मिडिया प्रभारी नवल किशोर मौजूद रहे।

## इप्सेफ के आवाहन पर प्रदेश के सभी जनपदों में आज ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री जी को दिया गया ज्ञापन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) के आवाहन पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उ प्र द्वारा 75 जनपदों में अभूतपूर्व धरना/प्रदर्शन करके मा प्रधानमंत्री जी एवं मा मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दिया गया। लखनऊ में यह धरना/प्रदर्शन नगर निगम के सामने दिया गया। मोर्चा के अध्यक्ष वी0पी0 मिश्र एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने बताया कि यह धरना चुनाव आचार संहिता के कारण 11 मई के स्थान पर 18 मई को किया गया। प्रमुख मांगेः– 1. पुरानी पेंशन की बहाली। 2. वेतन समिति की संस्तुतियों को लागू करना। 3. सरकारी संस्थाओं में निजीकरण न किया जाय। 4. राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन। 5. आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मचारियों की सेवाएं संबंधी नीति बनाई जाए। 6. स्थानीय निकायो के कर्मचारी संवर्ग का पुनर्गठन किया जाए। 7. रोडवेज सहित राजकीय निगम के कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता का भुगतान तथा निगमों को सुदृढ़ किया जाए। श्री शशि मिश्र ने बताया कि धरने में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, सतीश पाण्डेय अध्यक्ष राम कुमार धानुक महामंत्री जवाहर भवन कर्मचारी संघ , राम राज दूबे अध्यक्ष भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उ प्र ,राजकीय निगम महासंघ, विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन, माध्यमिक शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षक संघ, फेडरेशन आफ फारेस्ट, फेडरेशन आफ फार्मासिस्ट, आउटसोर्सिंगध्संविदा कर्मचारी संघ से सम्बद्ध संगठनों ने भाग लिया



व सभा को संबोधित किया । श्री वी0पी0 मिश्र ने संबोधित करते हुए भारत सरकार को चेतावनी दी कि इप्सेफ एवं मोर्चा की मांगों पर बैठक करके जल्द निर्णय न किया गया तो आन्दोलन को और तेज किया जायेगा। धरने को संबोधित करते हुए सुरेश रावत अध्यक्ष, गिरीश मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,महामंत्री अतुल मिश्राराज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, , सतीश पाण्डेय अध्यक्ष राम कुमार धानुक महामंत्री जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी संघ , राम राज दूबे अध्यक्ष भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उ प्र, अवधेश सिंह अध्यक्ष विकास प्राधिकरण संयुक्त कर्मचारी संगठन ,राजकीय निगम महासंघ,मनोज कुमार मिश्र, अध्यक्ष धनश्याम यादव महामंत्री निगम महासंघ,जैदी संरक्षक , कैसर रजा निगम महासंघ, सुभाष श्रीवास्तव अध्यक्ष लखनऊ संबोधित करते हुए मोर्चा को आश्वासन दिया कि सभी कार्यक्रमों में प्रदेश के लाखों कर्मचारी बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे। सभी ने मा मुख्यमंत्री जी से भी आग्रह किया कि उ0प्र0 के कर्मचारियो शिक्षकों की लम्बित मांगों पर तत्काल बैठक कर निर्णय घोषित करें वरना आगामी चुनावों में भारी क्षति उठानी पड़ेगी।

## 917 सहायक प्रोफेसर पदों की भर्ती का मामला : यूपी सरकार ठोस कार्यवाही करे : नहीं तो कोर्ट पारित करेगी आदेश

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा 917 सहायक प्रोफेसर पदों की भर्ती के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए यूपी सरकार को अंतिम मौका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी सरकार अगली सुनवाई की तिथि तक अपना जवाब दाखिल करे। नहीं तो कोर्ट इस मामले में आदेश पारित करेगी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 23 मई की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने महेंद्र सिंह व तीन अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसने अपने दो मई के आदेश में कोरम पूरा कर भर्ती पूरा करने का स्पष्ट आदेश दिया था, लेकिन यूपी सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। इससे पूरी प्रक्रिया रुकी हुई है। अगर सरकार 23 मई तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती है तो कोर्ट इस मामले में उचित आदेश पारित करेगी। सरकार ने पिछली सुनवाई पर तर्क दिया था कि वह उच्च शिक्षा, माध्यमिक



शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा का एक चयन आयोग बनना चाहती है। इसलिए आयोग व बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी खाली पदों पर नियुक्ति नहीं कर रही है। कोरम के अभाव में चयन प्रक्रिया रुकी हुई है। इस पर न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कहा कैबिनेट के निर्णय जब तक कानून न बन जाएं, वर्तमान कानून पर प्रभावी नहीं होंगे। सरकार किसी संस्था को निरर्थक नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा था कि कोरम पूरा न होने के बावजूद बचे सदस्य चयन प्रक्रिया पूरी करें।

# जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड बक्सा के ग्राम पंचायत चवरी में जन चौपाल का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकासखंड बक्सा के ग्राम पंचायत चवरी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के अवसर पर कृषि विभाग, जिला पूर्ति विभाग, सेवायोजन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा अपने–अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जन चौपाल में लाभार्थियों के प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा लिए गए। जिलाधिकारी ने लेखपाल एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि शिकायत पंजिका बनाये और गांव से सम्बन्धित शिकायतें रजिस्टर में दर्ज कराये। उन्होंने वरासत के मामलों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि अगले 01 महीने तक अभियान चलाकर निर्विवाद वरासत दर्ज कराये। पत्थरगड्डी उखाडने वालो को जेल भेजा जाये। धारा 24 की पैमाइस कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्पति रजिस्टर जल्द से जल्द बनायें। एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि टीम बनाकर गांव में साफ–सफाई करायें, कही भी जलजमांव हो तो सोख्ता गड्ढा बनवाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों पर समय निकालकर पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करें। सभी बच्चों में सीखने की समान क्षमता होती है। अपने बच्चों को बडे सपने देखना सीखाए। खण्ड विकास अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि 08 जून 2023 को प्राथमिक विद्यालय पूरा सॉवल सिंह विकास खण्ड क्षेत्र बक्सा पर चौपाल लगाकर सभी प्रकार की पेंशन, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया



जायेगा। 24 मई 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है इच्छुक व्यक्ति रोजगार मेले में साक्षात्कार देकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में गेंहू 2125 रुपये प्रति कुंतल से 01 अप्रैल से 15 जून तक खरीद की जाएगी। किसी भी गांव में 100 कुंतल या उससे अधिक गेंहू होगा तो शासन की तरफ से गाँव मे ही गेंहू उठान गाड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि गेंहू खरीद में किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो डिप्टी आरएमओं के मो0 7065660760 पर फोन करे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गेंहु खरीद का भुगतान बहुत आसानी से की जा रही है, 48 घटे में भुगतान खाते में कर दिया जा रहा है। जनपद के सभी किसानों का आश्वस्त कराया है कि गेंहू क्रय केंद्र पर गेंहू बेचने में के किसी भी प्रकार की समस्या नही होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा स्कूल कायाकल्प एवं निपुर्ण भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दिया गया। उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि सभी जाब कार्डधारक अपना जॉबकार्ड आधार कार्ड से लिंक कराले। लिंक नही कराने वालों का जॉबकार्ड निरस्त हो जायेगा। संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव ने किया।

# सड़क हो सुरक्षित सभी के लिए : संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत साइक्लोथॉन का आयोजन



कानपुर ब्यूरो दीपक श्रीवास्तव : कंज्यूमर गिल्ड और कंज्यूमर वॉयस नई दिल्ली के सहयोग से 19 मई 2023 को लखनऊ में 7वें संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत साइक्लोथॉन का आयोजन कपूरथला चौराहा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास तक किया गया, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सतत परिवहन विकल्पों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, वकीलों, शिक्षाविदों, छात्रों, सामाजिक संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों और हितधारकों सहित विविध प्रतिभागियों की भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव, अध्यक्ष, कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ ने बताया कि सड़क यातायात की चोटें दुनिया भर में मौत और विकलांगता का एक प्रमुख कारण हैं, जिसमें हर साल लगभग 1.3 मिलियन लोग मारे जाते हैं और लगभग 50 मिलियन लोग घायल होते हैं। 5–29 साल की उम्र के लोगों के लिए उनकी जान को इससे बड़ा कोई खतरा नहीं है। विश्व स्तर पर, प्रत्येक 4 में से 1 मौत पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों के बीच होती है।सड़क सुरक्षा के लिए 2021–2030 के दशक की वैश्विक योजना 2030 तक सुरक्षित सड़कों, वाहनों और व्यवहारों को सुनिश्चित करने के साथ–साथ आपातकालीन देखभाल में सुधार करके सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों और चोटों को 50% तक कम करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को दर्शाती है। डब्ल्यूएचओ, भागीदारों के सहयोग से, समय–समय पर संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजित करता है। यह 7वां संस्करण स्थायी परिवहन विशेष रूप से पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की आवश्यकता पर केंद्रित है, जयंती श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा इस अवसर पर समस्त सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी हितधारक के मध्य आपसी समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया । इस अवसर पर अमजद सिद्दिकी, अधिवक्ता ने मोटर वाहन संशोधन अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी।

# रामगढ़ताल का उठा सकेंगे लुत्फ : बनाई जाएगी रिंग रोड

गोरखपुर ब्यूरो : जल्द ही शहर के लोग रामगढ़ ताल के चारों तरफ घूमकर इसकी खूबसूरती का आनंद उठा सकेंगे। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की बोर्ड बैठक में ताल के चारों ओर रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। इसके तहत जीडीए पैडलेगंज से आरकेबीके तक 2.60 किलोमीटर और आरकेबीके से सहारा एस्टेट तक चार किलोमीटर लंबी सड़क एवं उसके फ्रंट का निर्माण कराएगा। इसके अलावा बोर्ड बैठक में खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना की संपत्तियों के दर को मंजूरी दे दी गई। बुधवार को जीडीए बोर्ड की बैठक कमिश्नर रवि कुमार एनजी की अध्यक्षता दोपहर 1.30 बजे से जीडीए सभागार में शुरू हुई बोर्ड बैठक करीब पौने दो घंटे तक चली। बैठक में खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना की संपत्तियों के दरों का अनुमोदन ही प्रमुख एजेंडा था। इस आवासीय योजना में करीब 700 भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं खोराबार, राप्तीनगर विस्तार एवं तारामंडल में विभिन्न आकार के 2700 से अधिक फ्लैट बनाए जाएंगे। इसमें ईडब्ल्यूएस के 512 फ्लैट, एलआईजी के 480 फ्लैट, मिनी एमआईजी के 224 फ्लैट, एमआईजी के 1056 फ्लैट, एचआईजी के 224 व सुपर एचआईजी के 224 फ्लैट बनाए जाएंगे। मिनी एमआईजी टू बीएचके जबकि एमआईजी थ्री बीएचके के फ्लैट होंगे। ईडब्ल्यूएस में भी बालकनी की सुविधा मिलेगी। इसकी इमारत भूतल सहित चार तल की होगी। इसी तरह एलआईजी की इमारत भूतल समेत 14 तल की होगी। बैठक में डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई , बोर्ड के सदस्य दुर्गेश बजाज आदि उपस्थित रहे। पैडलेगंज से नया सवेरा की तरह रिंग रोड पर लगेंगी आकर्षक लाइटें ताल के चारों तरफ रिंग रोड बन जाने से वेटलैंड की सुरक्षा के साथ ही लोगों को आने–जाने के वैकल्पिक मार्ग की भी सुविधा मिलेगा। पैडलेगंज से आरकेबीके और आरकेबीके से लेकर सहारा स्टेट के बीच कई जगहों पर दर्शक दीर्घा, साइकिल ट्रैक और जगह–जगह स्थानीय लोगों, पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। पैडलेगंज से नया सवेरा की ही तरह रिंग रोड के इस हिस्से में भी आकर्षक लाइटें लगाई जाएंगी। पैडलेगंज से नया सवेरा तक पहले से फोरलेन है। इसी तरह ताल के एक तरफ देवरिया बाईपास रोड है। इसे भी फोरलेन करने का प्रस्ताव शासन से स्वीकृत हो चुका है। लोक निर्माण विभाग ने सर्वे भी शुरू कर दिया है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। खोराबार टाउनशिप में 3525 से 4000 रुपये वर्ग फीट तक में मिलेंगे भूखंड जीडीए की खोराबार टाउनशिप योजना में 3525 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक की दर पर भूखंड मिलेंगे। इसी तरह 282.48 वर्ग फीट कारपेट एरिया वाले ईडब्लूएस के फ्लैट 7.30 लाख रुपये और 354 वर्ग फीट कारपेट एरिया वाले एलआईजी फ्लैट की कीमत 16.54 लाख रुपये में मिलेंगे। मिनी एमआईजी की कीमत 28.58 लाख तथा एमआईजी फ्लैटों की कीमत 41.60 लाख रुपये होगी। जल्द ही भूखंड और फ्लैट का पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इन संपत्तियों के लिए घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण के समय संपत्ति की कुल कीमत का 10 फीसदी रकम जमा करना होगा। आवंटन लॉटरी प्रक्रिया से होगा। कमेटी तय करेगी संपत्तियों की वार्षिक मूल्य दर कितनी घटाई जा सकती है जीडीए की आवासीय संपत्तियों के दाम में हर साल 15.56 और व्यावसायिक संपत्तियों के दाम में 18.81 फीसदी की वृद्धि होती है। इसे कम करने का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में रखा गया था जिसपर निर्णय हुआ कि जीडीए सचिव के नेतृत्व वाली कमेटी बाजार मूल्य, सर्किल रेट और बैंक की ब्याज दरों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए संशोधित दर की रिपोर्ट तैयार करे। इसी तरह यह कमेटी प्राधिकरण की फ्लॉप संपत्तियों के दरों का भी पुनर्निर्धारण करेगी। वर्तमान में गोलघर स्थित जीडीए कॉम्प्लेक्स के चौथे, पांचवें, छठें तल के तकरीबन ज्यादातर कार्यालय ब्लॉक समेत करीब सवा सौ आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियां पिछले 10–15 साल से नहीं बिक पा रही हैं। जीडीए ने इन्हें अलोकप्रिय (फ्लॉप) संपत्ति घोषित कर रखी है। कमेटी में प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य राधेश्याम श्रीवास्तव, उप महानिरीक्षक स्टांप, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी और प्राधिकरण के संपत्ति अधिकारी शामिल हैं।

# ट्रक को ओवरटेक करने में डिवाइडर से टकराई कार : चार की मौत व तीन घायल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ–हरदोई हाइवे पर स्थित जिंदौर गांव के पास देर रात एक बजे सड़क हादसे में चार की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गये। हादसा ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। कार सवार हरदोई के संडीला स्थित अनवरी मोहल्ला के रहने वाले थे। लखनऊ एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक रहीमाबाद अख्तियार अंसारी के मुताबिक बृहस्पतिवार देर रात जिंदौर गांव के पास एक बजे लखनऊ से हरदोई की तरफ जा रही कार ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक कार से नियंत्रण खो दिया। जिसके कारण कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में संडीला के अनवरी मोहल्ला निवासी समीना (30), बेटी आशिया (2), अब्दुल रहमान (7) और फातिमा की मौत हो गई। वहीं कार सवार फहद, अमान सहित तीन गंभीर रुप से घायल हो गये। कार का शीशा तोड़कर निकाला गया पुलिस के मुताबिक हादसा होने की सूचना मिलने पर टीम पहुंची। अंदर चीखपुकार मची थी। दरवाजा लॉक हो गया था। पुलिस ने कार के पिछले हिस्से का शीशा तोड़ा। इसके बाद एक–एक कर सभी को बाहर निकाला। घायलों को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए परिजन लेकर गये हैं। वहीं मृतकों के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना किया। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पंचनामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। परिजन शव लेकर हरदोई चले गये।

# ट्रैक पर मिला दरोगा के बेटे का शव : हत्या का आरोप

लखनऊ ब्यूरो : दुर्गागंज के पास रेलवे ट्रैक पर बृहस्पतिवार सुबह दरोगा के बेटे सौरभ मिश्रा उर्फ विक्की (24) का शव मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है, जबकि युवक के पिता ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सौरभ के पिता राकेश मिश्रा वर्तमान में हरदोई के माधौगंज में तैनात हैं। मूलरूप से गोरखपुर के चौरीचौरा निवासी राकेश मिश्रा परिवार सहित चिनहट के मटियारी में रहते हैं। उनका एक मकान काकोरी के दुर्गागंज में भी है। दरोगा के बड़े बेटे सर्वानंद मिश्रा ने बताया कि सौरभ कई दिनों से दुर्गागंज के मकान में अकेले रह रहा था। बृहस्पतिवार सुबह सौरभ का शव ट्रैक पर मिला। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शिनाख्त करने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सर्वानंद के मुताबिक, सौरभ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। तीन घंटे बाद पहुंची जीआरपी सर्वानंद के मुताबिक, ग्रामीणों ने सौरभ को पहचान लिया। इसके बाद कॉल कर जानकारी दी। ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी थी। पुलिस के पहुंचने के तीन घंटे बाद जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता राकेश ने आरोप लगाया कि बेटे की हत्या की गई है। हत्या को हादसा बनाने के लिए शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है। पुलिस से जांच की मांग की है। क्षेत्राधिकारी जीआरपी संजीव सिन्हा के मुताबिक, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# शादी की खुशियां मातम में बदली

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। अयोध्या के एक गांव में हुई दर्दनाक घटना में करंट की चपेट में आने से देवर–भाभी की मौत हो गई। महिला आलमारी से कपड़ा निकालने गई थी। उसे करंट लग गया। इस दौरान उसे बचाने आए देवर की भी मौत हो गई।बता दे कि अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम उछाहपाली मजरे पूरे कुर्मी में बुधवार देर रात करंट लगने से देवर और भाभी की मौत हो गई।आलमारी में लगी लाइट का तार कहीं कट गया था जिसकी वजह से पहले से ही आलमारी में करंट आ गया था और वह आलमारी से चिपक गई। थोड़ी देर बाद जब महिला जमीन पर गिरी तो उसकी आवाज महिला के देवर सुनील तिवारी (25) पुत्र प्रमोद तिवारी ने सुना और वह महिला को उठाने लगा। इस दौरान उसका शरीर भी आलमारी से छू गया और उसे भी करंट ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। चीख–पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने बिजली आपूर्ति बंद करके दोनों को करंट से छुड़ाया और मिल्कीपुर सीएचसी पहुंचाया।जहां डॉक्टर ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।परिजनों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।वही पोस्टमार्टम हाउस परिजनों ने बताया कि तीन दिन बाद 20 मई को सुनील की शादी थी। शादी के पहले ही परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया और परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।बता दे कि मृत महिला खुशबू तिवारी का एक पांच साल का बेटा आरुष है। जो बार–बार मां के पास पहुंचकर मां को बुलाने की कोशिश कर रहा है। यह नजारा देखकर लोगों के आंखों से आंसू निकल जा रहे हैं। जानकारी देते हुए मिल्कीपुर क्षेत्राधिकारी आुशतोष मिश्रा ने बताया कि थाना इनायतनगर थाना क्षेत्र में दो लोगो की करंट लगने से मृत्यु की घटना में शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया, पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

# जिले स्मार्ट क्लास का जिलाधिकारी नीतिश कुमार ने किया शुभारंभ

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।जिले में प्रदेश सरकार द्वारा और जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति सुधारी जा रही है। पहले जिला प्रशासन और सरकार द्वारा जिले के



सभी प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प कराया जा रहा है। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों इंग्लिश मीडियम के स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस की गई शुरुआत बच्चे बड़े उत्साहित दिखे टीवी स्क्रीन पर पढ़ाई को देख कर के बच्चों में एक उत्साह जगह है पहले बच्चों में स्कूल आने के प्रति इतना उत्साह नहीं रहता था अब जो बच्चों में टीवी स्क्रीन पर पढ़ाई को देख कर के बच्चों के मन में स्कूल आने के प्रति रुझान बढ़ेगा।

## यूपी के 35 जिलों में प्री मानसून बारिश का अलर्ट




अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।यूपी के 35 जिलों में प्री मानसून बारिश का अलर्ट।यूपी में मौसम का मिजाज फिर से बदल रहा है।मौसम विभाग ने आज और कल लखनऊ वाराणसी कानपुर समेत 35 जिलों में प्री मानसून बारिश का अलर्ट जारी किया है।इस दौरान धूल भरी आंधी और बिजली गिर सकती है।यूपी में 8 जून तक मॉनसून एंट्री कर सकता है।

# कैब चालक को पीटकर युवती समेत कार लूट ले गए बदमाश : सेक्स रैकेट से जुड़ा हो सकता है मामला

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में गौतमपल्ली के जियामऊ स्थित पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार देर रात 1:30 बजे के करीब कार सवार बदमाशों ने कैब चालक को पीटकर उसकी टैक्सी लूट ले गए। घायल चालक को इलाज के लिए सिविल में भर्ती कराया गया पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पेट्रोल पंप के पास गाड़ी टकराने के बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि कैब चालक को पीटकर कार में सवार एक युवती को भी साथ अगवा कर ले गए। कार चालक की सूचना पर पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर तीन युवकों और एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि पूरी घटना सेक्स रैकेट जुड़ी है। जिसमें लेनदेन के विवाद के बाद मुजफ्फरनगर के युवक युवती को जबरदस्ती साथ ले गए। गोमतीनगर स्थित एक होटल में रुकी थी युवती कैब चालक आशीष के मुताबिक, गुरुवार रात करीब एक बजे एक युवती ने हयात होटल से एयर पोर्ट के लिए गाड़ी बुक की थी। उसको लेकर एयरपोर्ट जाते वक्त जियामऊ पेट्रोल पंप के पास कार सवार युवकों ने रोक लिया। विरोध पर मारपीट की। जिसके बाद कार सहित युवती को साथ ले कर चले गए। जिसका युवती भी लगातार विरोध कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक देर रात में दोनों की कार टकरा जाने के कारण विवाद हुआ था। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। शादी समारोह में शामिल होने आए थे लड़के पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कैब चालक की सूचना पर गाड़ी नंबर (यूपी 32 एचएन 2857) के आधार पर मुजफ्फरनगर के तीन युवक और एक युवती को पकड़ा है। साथ लूट की गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि ये युवक एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

# पालनहार बना दरिंदा : छह साल तक बंधक बनाकर करता रहा दुष्कर्म : 12 वर्षीय बच्ची को मिला आश्रय

लखनऊ ब्यूरो : सिर से माता–पिता का साया उठने के बाद अनाथ हुईं दो नाबालिग बहनों को एक परिवार अपने साथ ले गया। सबने इस फैसले को सराहा और मिसालें दीं। छह साल बाद घिनौना सच सामने आया कि 12 साल की बच्ची को बंधक बनाकर रखा गया। इतना ही नहीं जिस शख्स को पिता का दर्जा दिया, वह उसका शारीरिक शोषण करता रहा। एक अपरिचित ने इस घिनौने कृत्य की शिकायत चाइल्डलाइन को फोन पर दी। यहां से उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के संज्ञान में मामला आया। आयोग ने तत्काल 181 वन स्टॉप सेंटर को लिखा और दो दिन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर बच्ची को रेस्क्यू कर सरकारी आश्रय में ले लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक बीकेटी ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पॉक्सो व दुराचार का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। 181वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर अर्चना सिंह ने बताया कि राज्य बाल आयोग का पत्र मिलते ही 17 मई को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। टीम बख्शी का तालाब पहुंची और दहशत में सुधबुध खो चुकी बालिका को सेंटर लेकर आई। काउंसिलिंग के दौरान मासूम फूट–फूट कर रोई और फिर आपबीती सुनाई। अर्चना सिंह ने बताया कि आरोपी के तीन बच्चे हैं। आश्चर्य की बात है कि पत्नी की उसकी करतूत की पूरी जानकारी थी। बहन को जंगल में ले गए थे, मेरे साथ भी वही सब करने लगे बच्ची ने बताया कि माता–पिता के मरने के बाद ये लोग हमें ले आए। जिन्हें हम पिता कहते थे, वे शराब पीकर बड़ी बहन के साथ पता नहीं क्या करते थे। एक दिन जंगल ले जाकर उसके साथ गंदी हरकतें कीं। फिर पता नहीं कि वह कहां गायब हो गई। फिर मेरे साथ वही सब करने लगे। अर्चना ने कहा कि इतना कहते ही मासूम हमसे लिपट गई और हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगी कि मुझे वहां नहीं रहना है, मैं मर जाऊंगी। मुझे वहां मत भेजिए। आज होगी बड़ी बेटी की काउंसलिंग डीपीओ विकास सिंह के मुताबिक, बच्ची को राजकीय बालिका गृह में आश्रय दिलाया गया है। उसे सरकारी योजना से जोड़ते हुए पढ़ाई के साथ उसके कौशल विकास के सारे प्रबंध किए जाएंगे। अर्चना सिंह के मुताबिक, बीकेटी थाने में दो दिन पहले आरोपी ने बड़ी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच वह अचानक दो बच्चों के साथ आरोपी के पास लौट आई। शुक्रवार को उसकी काउंसलिंग होगी।

# भारत के हिंदुओं की सबसे बड़ी आवश्यकता आरती के समय मंदिर अवश्य जाएं – अजय सिन्हा दादा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि लोग मंदिर की ओर चले ऐसा हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिन्हा ने अपने संदेश में कहते हुए बताया है कि वर्तमान में मंदिरों में आरती के वक्त हिंदू बहुत कम दिखते हैं इलेक्ट्रिक इंस्ट्रूमेंट के द्वारा आरती होती है यह हमारे लिए खतरे की घंटी है इसलिए सब आरती के समय मंदिर में आए एक दूसरे को मिले एक दूसरे को समझे अपने सुख–दुख आसपास की परिस्थिति की चर्चा करें एक दूसरे को सहयोग करें जिससे हिंदू एकता बढ़ेगी जब हम पूरे विश्व को को तुम समझ रहे हैं तब आसपास के लोगों को ही ना जानते हो वह कैसा लगता है देश के बड़े मंदिरों की हाय सरकार ले लेती है ऐसा नहीं होना चाहिए मंदिरों की आय से आश्रम की समाजसेवा गुरुकुल चलते हैं मंदिरों की आय को लेकर आजादी के बाद सरकार का ध्यान चर्च और मस्जिद की ओर गया है सरकार ने ध्यान नहीं दिया इसलिए मंदिरों के द्वारा चल रहे गुरुकुल लुप्त हो गए अगर हम राष्ट्र का विकास चाहते हैं अगर हम संस्कृति को मजबूत करना चाहते हैं अगर हम अपने परिवार की सुखी चाहते हैं तो हमें मंदिर की ओर लौटना ही पड़ेगा और हमारे बच्चों को पंडित हो या साधु हो उनके पास भेजना पड़ेगा ताकि उनके बीच चर्चा हो बच्चों की शंका का निवारण हो सबकी जिज्ञासा का समाधान हो ज्यादा से ज्यादा समाज सत्संग से जुड़े हैं धार्मिक आध्यात्मिक सामाजिक विषयों पर चर्चा करें दिल में किसी भी समय मंदिर में बैठकर दर्शनार्थी धार्मिक टीवी चौनल अवश्य देखें ऐसी व्यवस्थाओं को करनी पड़ेगी इस तरह के प्रयासों से हम हिंदू राष्ट्र की ओर आगे बढ़ेंगे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिन्हा दादा ने अपने संदेश में कहा!

# ईट भट्ठा में हादसा : काम करने आई महिला मजदूर की ईटों की लाट के नीचे दबकर हुई दर्दनाक मौत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।हैदरगंज बीकापुर अयोध्या भट्टे पर काम करने आई अंतरप्रांतीय 43 वर्षीय एक महिला मजदूर की गुरुवार को ईटों की लाट के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर राजस्व की टीम भी पहुंचकर जानकारी जुटाने में लगी हुई थी। घटना हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मलावन स्थित आरएलवी भट्टे से जुड़ा है। भट्ठा मालिक जंग बहादुर वर्मा के मुताबिक भट्टे की चिमनी के पास पकाई के लिए ईटों की लाट लगी हुई थी। सुबह 8:30 बजे के करीब एकाएक भरभरा कर ईटों की लाट गिर गई। जिसमें झारखंड प्रदेश की महिला मजदूर अनीता देवी पत्नी विजय ग्राम बारीयाती थाना जोबांश जनपद लोहरदगा की गिरी ईटों की लाट के नीचे दबकर मौत हो गई। बड़ी मशक्कत से ईटों को हटाकर भट्ठा के कर्मचारियों सहित मजदूरों ने बाहर निकाला और सीएचसी पाराराम पहुंचाया गया। जहां पर मौजूद डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# कट्टरता का जवाब कट्टरता से ही दिया जाना चाहिए : कांटे से ही कांटा निकलता है –पुरी शंकराचार्य

प्रयागराज ब्यूरो : गोवर्धनमठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म ही पूरे विश्व में शांति का संदेश दे सकता है। कहा कि विश्व में शांति के लिए सनातन धर्म के मर्म को सभी को समझना होगा। पुरी शंकराचार्य ने रूस–यूक्रेन युद्घ को लेकर किए गए सवाल के जवाब में ये बातें कहीं। पुरी शंकराचार्य ने हिंदू और मुस्लिम समाज के बीच लगातार बढ़ रही कट्टरता के सवाल पर कहा कि कोई भी तंत्र जब किसी दूसरे तंत्र को नीचा दिखाने के लिए कट्टरता का परिचय देता है, तब सामने वाले को भी ऐसा ही परिचय देना पड़ता है। कट्टरता का जवाब कट्टरता से ही दिया जाना चाहिए। पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने आगे कहा कि गीता में व्यावहारिक धरातल पर यह तथ्य स्थापित किया गया कि विवेकी का दायित्व अधिक होता है। गीता में अर्जुन का यही पक्ष था। कहा कि धृतराष्ट्र के पुत्रों ने युद्घ शुरू किया। इससे विवेक रखने वालों को इस युद्घ से परे होना चाहिए, क्योंकि उसका दायित्व अधिक होता है। अर्जुन का यही पक्ष है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि माना कि विवेकी का दायित्व अधिक होता है। पर पांच पांडवों के लिए केवल पांच गांव मांगने पर भी दुर्योधन देने के लिए तैयार नहीं हुआ। कट्टरता का अर्थ यह होता है कि अगर सामने वाला बाध्य कर दे तो कांटे से कांटा निकलता है। कहा कि हम सहिष्णु अवश्य हैं, लेकिन अन्याय को सहना भी उचित नहीं है। नाथ संप्रदाय पर किए गए प्रश्न के जवाब में पुरी शंकराचार्य ने कहा कि तांत्रिक विद्या से व्यक्ति लौकिक और पारलौकिक उत्कर्ष प्राप्त कर सके, परम तत्व को प्राप्त कर सके, यही नाथ संप्रदाय की उद्भावना का मूल था। विश्व में शांति कैसे स्थापित हो, इस प्रश्न के उत्तर में पुरी शंकराचार्य ने कहा कि जैसा में दूसरे से व्यवहार चाहते हैं, वैसा ही हम उसके साथ भी करें, शांति का यही स्वरूप है। तभी मानवाधिकार की सीमा में रहकर हम एक–दूसरे के पोषक हो सकते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्घ को लेकर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि मैने बहुत पहले ही संकेत किया था कि रूस उपद्रव मचाएगा। कहा कि सामने वाला चाहे या फिर न चाहे अपने अस्तित्व की रक्षा करने के लिए वह युद्घ के लिए विवश हो जाता है। यूक्रेन के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। रूस और यूक्रेन की वर्चस्व की जंग में मानवता के साथ प्रकृति भी तबाह हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए।


# घरो में घुसकर चोरी करने वाला अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार : चोरी के रू0 व जेवरात हुए बरामद

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद अयोध्या के क्षेत्राधिकारी सदर जनपद अयोध्या के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रौनाही जनपद अयोध्या के कुशल नेतृत्व में एक नफर शातिर अन्तर्जनपदीय चोर को गिरफ्तार करने में पुलिस विभाग को सफलता प्राप्त हुयी है । गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त चोर द्वारा बताया गया कि दिनांक 19.04.2023 की रात्रि में ग्राम देवराकोट में हुये चोरी व दिनांक 22.4.2023 की रात्रि में ग्राम पूरे कीरत कांटा में हुये चोरी की घटना को अंजाम दिया था, उपरोक्त घटना को अंजाम देने के लिए मेरे साथ मेरे तीन और साथी खुशीराम s/o दुजई निवासी खेतवापुर थाना इमलिया सुलतानपुर, सीतापुर,योगेन्द्र कुमार सिंह s/o स्व0 कृष्ण पाल सिंह निवासी निजामपुर निकटी थाना खीरी जनपद खीरी, संदीप कुमार s/o मिश्रीलाल निवासी फर्रकपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर




जनपद सीतापुर जिन्हे सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जो मेरे साथ जनपद सन्तकबीरनगर में भी चोरी की घटना में मौजूद थे । अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग द्वारा प्रायः रात्रि में घरो में घुसकर कमरे में सोये लोगो को बाहर से दरवाजा बन्द कर दिया जाता है उसके बाद घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है । गिरफ्तार अभियुक्त उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदो एवं राज्य मध्य प्रदेश से विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा है । उक्त घटना का सफल अनावरण करने पर पुलिस टीम की आम जनमानस द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# लूटेरी दुल्हन का खेल : घर में ससुर के मरने का छाया था मातम : बहू नकदी व जेवर लेकर प्रेमी संग हुई फरार



गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां गुलरिहा इलाके के सरैया बाजार की रहने वाली एक विवाहिता मायके और ससुराल का आठ लाख का जेवर व बीस हजार रुपये लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जानकारी के मुताबिक, सरैया की युवती की शादी 9 मार्च 2023 को गोंडा जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में हुई थी। शादी के बाद ससुर की मौत हो गई। ससुर की मौत के बाद 18 अप्रैल की रात विवाहिता ससुराल व मायके पक्ष दोनों जगह के आठ लाख का जेवर व बीस हजार नगदी, मोबाइल लेकर अपने प्रेमी अखिलेश निवासी अशरफपुर थाना गुलरिहा के साथ भाग गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# हाइवे पर एसयूवी की टक्कर से बाइक सवार दो लोगो की मौत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।लखनऊ हाइवे पर रौनाही थाना क्षेत्र के मुबारकगंज चौराहे पर एक एसयूवी की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई,जबकि एक को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई है। मंगलवार की रात फैजाबाद शहर से लखनऊ की ओर जा रहे बाइक सवार मुबारकगंज चौराहे स्थित काट पर इस पटरी से उस पटरी जा रहे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही एक सफेद एसयूवी ने बाइक में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर रौनाही थाना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से बाइक सवार तीनों घायलों को सीएचसी भेजवाया,जहां हालत गंभीर देख चिकत्सक ने तीनों को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मंगलवार की रात एंबुलेंस की मदद से सिपाही जयकुमार रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखावां निवासी करीब 60 वर्षीय दलित रणदास पुत्र राजाराम और जमुनिया बाग निवासी 40 वर्षीय लल्लू पुत्र फत्ते तथा पिलखावां निवासी 35 वर्षीय गुलफाम को लेकर आया था। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ आशुतोष प्रताप सिंह ने परीक्षण के बाद लल्लू और रणदास को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक चालक गुलफाम पुत्र आशिक को मामूली चोट के चलते प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

# कैप्टन अनुराग मिश्रा की प्रेसवार्ता : राजकुमार दास से बताया जान का खतरा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।रामबल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने अनुराग मिश्रा, शिवम गुप्ता रामस्वरूप शरण ब्यूटी कुमारी उर्फ रामेश्वरी शरण के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करवाई थी । ट्रस्ट की सहमति के बिना मंदिर की संपत्ति एग्रीमेंट कराने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। कैप्टन अनुराग मिश्रा ने आरोप लगाया कि मंदिर के जिस ट्रस्ट मे राजकुमार दास थे ट्रस्टी उस ट्रस्ट को कारण सहित मंदिर के सर्वरहकार पूर्व भंग कर चुके हैं । वर्तमान ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी जमीन विक्रय के संबंध में सहमत है। मंदिर के कायाकल्प भोग–राग की समुचित व्यवस्था आवश्यकता के लिए जमीन का एग्रीमेंट हुआ है। राजकुमार दास वर्तमान में ट्रस्ट के ट्रस्टी नहीं तो उनका जमीन से कोई वास्ता नहीं। अनुराग मिश्रा ने थ्प्त् पर भी प्रश्नचिन्ह उठाया है, कहा जो मामला सिविल कोर्ट में पेन्डिंग उस पर पुलिस ने प्राथमिक कैसे दर्ज की है। थ्प्त् क्वेसिंग के लिए हाई कोर्ट में रिट हो चुका है , प्रथम सूचना रिपोर्ट के तहरीर में भूमाफिया शब्द पर बोले कैप्टन अनुराग मिश्रा मेरे विरुद्ध इससे पूर्व ना कोई आरोप न कोई मुकदमा, बल्कि राजकुमार दास के विरुद्ध हत्या , गुरु की हत्या का प्रयास, व मंदिरों जमीनों को कब्जा करने जैसे तमाम आरोप कैप्टन अनुराग मिश्रा ने राजकुमार दास को भू–माफिया बालू माफिया बताया है।

# चौकी इंचार्ज मोतीगंज थाना बीकापुर द्वारा पत्रकार धर्मेन्द्र तिवारी पर प्रताड़ित करने का लगा आरोप

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। चौकी इंचार्ज मोतीगंज थाना बीकापुर द्वारा पत्रकार– धर्मेन्द्र तिवारी को मारने पीटने प्रताड़ित करने व फर्जी मुकदमें में फंसाने के खिलाफ अनिश्चित कालीन डीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन चालू किया गया,पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए जनपद के सभी पत्रकार जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे। वहीं समाजसेवी अर्चना तिवारी व समाजसेवी उमेश कुमार तिवारी पत्रकार के समर्थन में धरने पर बैठे और दोनों समाजसेवी ने बताया पत्रकार का उत्पीड़न किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है अगर जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती तो पूरे भारतवर्ष के समाजसेवी पत्रकार के समर्थन में उतरेंगे।

# पुलिस की मौजूदगी में एक–दूजे के हुए प्रेमी युगल : जीवनभर साथ रहने की खाई कसम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।हैदरगंज अयोध्या। प्रेमी के साथ घर से फरार हुई प्रेमिका ने बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में ही थाने के पीछे स्थित मंदिर में एक–दूसरे के गले में जयमाल डालकर विवाह कर लिया। इस मौके पर वर और कन्या पक्ष की ग्राम सभाओं के प्रधान व माता–पिता भी मौजूद रहे। मामला थाना हैदरगंज क्षेत्र के एक गांव का है। युवती के पिता ने अपनी पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप थाना क्षेत्र तारुन के चरावां निवासी अरुण कुमार मौर्या पर लगाया था। उनकी खोजबीन में हैदरगंज पुलिस लगी हुई थी। मंगलवार को पुलिस दोनों को पकड़कर थाने लाई और दोनों के माता–पिता को भी थाने बुलवाया। सभी के सामने प्रेमी युगल ने शादी करने की बात कही। पुलिस के समझाने पर दोनों के परिवारीजन मान गए। इसके बाद थाने के पीछे स्थित बाबा भुखालीदास मंदिर पर विवाह की



रस्म अदा की गई। थाना प्रभारी हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि दोनों बालिग थे। दोनों पक्षों के माता–पिता के सहमत होने पर उनकी मंदिर में शादी करवा दी गई।

# अयोध्या में सहादतगंज से नया घाट के बीच राम पथ निर्माण में भारी लापरवाही – तेज नारायण पांडे

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अयोध्या में सहादतगंज से नया घाट तक 13 किलोमीटर राम पथ निर्माण कार्य में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा अयोध्या में राम पथ निर्माण कार्य में जगह जगह सड़कें खोद कर गहरा गड्ढा कर दिया गया है।जिससे शहर में पानी और बिजली की लाइन कट गई है।जिससे पूरे शहर में इस भीषण गर्मी में लोग पानी और बिजली के लिए तरस रहे हैं।शहर के अंगूरी बाग कॉलोनी में तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है।इससे त्रस्त होकर स्थानीय लोग आज सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए।उन्होंने आरोप लगाया सड़कों पर धूल मिट्टी के गुबार से स्थानीय लोगों का चलना दूभर हो गया है।धूल मिट्टी से लोग बीमार हो रहे हैं।महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि आज बच्चो का स्कूल जाना दूबर है, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानियां आ रही है।सड़क के दोनों तरफ काफी दिनों से गहरे गहरे गड्ढे खोदे जाने से सड़क के किनारे घरों की न्यु दिखने से मकानों को गिरने का खतरा बना है।लेकिन शासन–प्रशासन इस मामले में मूकदर्शक बना हुआ है और पूरे अयोध्या नगर निगम की जनता परेशानी का सामना कर रही हैं।

# देवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निशुल्क टेबलेट प्राप्त कर शिक्षार्थी लाभान्वित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उसरू–अमौना स्थित देवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निशुल्क टेबलेट वितरण समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान प्रमुख सहदेव उपाध्याय, संस्थान प्रधानाचार्य पवन उपाध्याय, मुख्य अतिथि व किसान सेवा केन्द्र के प्रबंधक कपिल देव दूबे, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव विश्वेश नाथ मिश्र, देवा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा व प्रशिक्षण संस्थान के शिक्षक कौशलेंद्र व बलिराम यादव ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। मुख्य अतिथि व किसान सेवा केन्द्र के प्रबंधक कपिल देव दूबे, लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव विश्वेश नाथ मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण संस्थान के सभी लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सत्र 2022–23 के अध्ययनरत शिक्षार्थियों के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निशुल्क टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि तकनीकी रूप से छात्र छात्राओं को मजबूत बनाना सरकार की योजना है। जिसके अंतर्गत टेबलेट वितरण का कार्य किया जा रहा है। हमारे सभी छात्र छात्राएं इस योजना से पूर्णतया लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। आज का युग तकनीकी युग है। तकनीकी रूप से सशक्त होना व्यक्ति के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण पहलू है और उसके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस योजना से लाभान्वित छात्र छात्राएं आत्मनिर्भर होकर अन्य कई को रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम हैं यही इस प्रशिक्षण व टैबलेट वितरण की उपयोगिता व महत्ता है। योजना के लाभार्थी देवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के आदित्य यादव अर्जुन आदित्य कुमार शोभित मिश्रा अनुराग यादव कुलदीप यादव ओमकार यादव सर्वेश कुमार दिनेश चौहान आकाश कुमार मन्नू राजेश गौतम रामसूरत सत्यम यादव शुभम यादव विवेक गुप्ता विवेक मौर्य आदि रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का समापन करते हुए संस्थान प्रमुख सहदेव उपाध्याय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व सभी छात्रों को इस योजना से लाभान्वित होने हेतु शुभकामनाएं दी व कहा कि इस तकनीकी युग में यह सरकार के द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है और निश्चित ही सराहनीय प्रयास है। जिसका पूर्ण सदुपयोग आप सभी द्वारा किया जाना चाहिए। एक से अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने हेतु आप स्वयं में सक्षम हैं। जो समाज के लिए अत्यंत हितकारी है और एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करेगा। आप अपने कार्य में सफल हों व समाज हित में काम करें यही मेरी शुभकामना है। मंच संचालन शिक्षक घनश्याम यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर देवा उपप्रबंधक अजय उपाध्याय, देवास प्रबंधक अमन, देवा कोऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी, कार्यालय प्रमुख अमित खरे, कमलेश श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन जनपदीय इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में मासिक पंचायत की गई जिसमें जनपद में संगठन मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई और महिला पहलवानों द्वारा जंतर–मंतर दिल्ली में दिए जा रहे धरने का पूरी तरह से समर्थन किया गया भाकियू कार्यकर्ता/ पदाधिकारी समस्याओं के समाधान हेतु अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाना चाह रहे थे परंतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह से लंबी वार्ता व आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या की मासिक पंचायत माह के प्रत्येक 21 तारीख को होती है परंतु 21 तारीख को रविवार होने के कारण इस बार 18 मई को मासिक पंचायत जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में गांधी पार्क में की गई ।पंचायत में जनपद प्रभारी/ प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल पहुंचकर जनपद की समीक्षा की और संगठन मजबूती के पेच कसे, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष व जिले के पदाधिकारियों तथा जिले में रहने वाले सभी उच्च पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने गांव में कम से कम 25 सदस्य बनाकर स्वयं सक्रिय सदस्य बने और संगठन को मजबूत करें तथा किसान समस्याओं को लेकर निष्पक्ष भाव से आंदोलन करके संगठन को मजबूत करें। भारतीय किसान यूनियन द्वारा कई माह से समस्याओं का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जा रहा है समाधान की दृष्टि से एक भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है जिसके कारण भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी काफी आक्रोशित थे और अनिश्चितकालीन धरना चलाने के मूड में थे परंतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह से लंबी वार्ता के बाद व ठोस आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया । भारतीय किसान यूनियन ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो निश्चित रूप से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी राम किशोर पटेल, प्रदेश सचिव मध्यांचल सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भागीरथी बर्मा, सती प्रसाद वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, तुलसीराम गोस्वामी, संतोष वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रेम शंकर वर्मा, रामप्रताप गुप्ता, उर्मिला निषाद, रंजीत कोरी, गब्बर गोस्वामी, उर्मिला निषाद, शीला देवी, राधा देवी लालती देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता/ पदाधिकारी मौजूद थे।

# पत्रकार महा संगठन अयोध्या में कराएगा राष्ट्रीय सम्मेलन : के. के शुक्ला बने तहसील अध्यक्ष

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन तहसील इकाई की बैठक बृहस्पतिवार को बीकापुर कस्बे में ग्राम न्यायालय के पास सभागार में संपन्न हुई। बैठक में तहसील की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। युवा पत्रकार केके शुक्ला को संगठन का एक बार फिर तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी गई। तहसील की नई कार्यकारिणी में तहसील संयोजक एवं संरक्षक विनोद कुमार श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष केके शुक्ला, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव, योगेंद्र नाथ उपाध्याय, महासचिव पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, तहसील सचिव राहुल दुबे, संयुक्त सचिव तरुण कुमार मिश्र एवं उमाकांत विश्वकर्मा जबकि कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के तहसील अध्यक्ष केके शुक्ला एवं संचालन विनोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि संगठन के जिला अध्यक्ष बलराम तिवारी ने कहा कि संगठन से जुड़े सदस्य संगठन की रीढ़ हैं। संगठन के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने और संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन से जुड़े सभी सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित होने की बात कही। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारों द्वारा चौथे स्तंभ के रूप में सजग प्रहरी की भूमिका निभाई जा रही है। सरकारों को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक पहल करनी चाहिए। और पत्रकारों को उनका अधिकार तथा सम्मान मिलना चाहिए। जिसके वह हकदार हैं। पत्रकारों के उत्पीड़न पर भी चर्चा की गई। और उत्पीड़न से बचने के लिए एकजुटता पर जोर दिया गया। बैठक में संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन कराने पर भी चर्चा की गई और तय किया गया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की धर्म नगरी अयोध्या में जून महीने में राष्ट्रीय सम्मेलन कराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय सम्मेलन कराए जाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। और संगठन से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान संगठन से जुड़े पत्रकारों को जिला अध्यक्ष बलराम तिवारी, और तहसील अध्यक्ष के के शुक्ला द्वारा संगठन का परिचय पत्र भी सौंपा गया। तहसील अध्यक्ष केके शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि सहित बैठक में आए पत्रकारों को फूल मालाओं के साथ धार्मिक प्रतिमा और अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाठक, विनोद कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा अमित तिवारी सहित अन्य कई पत्रकारों द्वारा भी संबोधित किया गया। और संगठन को मजबूत बनाने की बात कहीं गई। इस मौके पर संगठन से जुड़े उमाकांत विश्वकर्मा, अरुण प्रताप सिंह, योगेंद्र नाथ उपाध्याय, सुभाष यादव तरुण मिश्रा मनोज तिवारी राहुल कुमार दुबे सहित संगठन से जुड़े अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# चार दिवसीय समर कैम्प का हुआ शुभारम्भ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विद्या भारती विद्यालय शिव लाल शर्मा सरस्वती शिशु? विद्या मन्दिर तुलसी नगर अयोध्या में 4 दिवसीय समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वशिष्ठ गुरुकुल के प्रबन्धक एवं अखिल भारतीय शिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी माननीय डा. दिलीप कुमार सिंह ने माँ सरस्वती जी के सामने दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में श्री सारंग घर मिश्र (एम्ब्रियस इन्सीट्यूट ऑफ इंग्लिश स्पोकेन लैंग्वेज टेढ़ी बाजार) नीरज (मार्शल आर्ट एकेडमी) गीता (योगाचार्य), राम शंकर (वैदिक गणित), ओम प्रकाश पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य (गोशाईगंज) आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का परिचय श्रीमान प्रधानाचार्य ओम प्रकाश तिवारी ने कराया। इस अवसर पर श्रीमती ममता, विनीत कुमार मिश्र,श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी, सर्वानन्द , प्रिया, सौम्या, श्रीमती शशिबाला, नेहा, श्रीमती नेहा, सुधीर कुमार, अर्जुन कुमार आदि सभी शिक्षक व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# सागौन के अवैध कटानो पर वन विभाग ने डिप्टी रेंजर को निर्दोष करार देते हुए पुनः किया बहाल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रौनाही थाना क्षेत्र अलीगंज चिरैंधा पुर मे विगत दिनो चिरैंधा पुर निवासी की लगभग 186 सागौन के पेडो की अवैध कटान की शिकायतो मे महज 86 पेड काटने की मवन रक्षक के साथ डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद मिलीभगत संदेह की जद मे आए।मामले की विभागीय जांच मे कटान के दौरान बीमारी की छुट्टी मे स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से पेड कटने की पुष्टि होने पर डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद को दोष मुक्त करार देते हुए पुनः बहाल किया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पैदल मार्च कर सीएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद अयोध्या में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व में व जिला अध्यक्ष डॉक्टर संजय सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के जिला अध्यक्ष व संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी राकेश गौतम मंत्री देवी प्रसाद कोषा अध्यक्ष रविंद्र पाल सहित सैकड़ों कर्मचारियों के साथ जनपद के शिक्षकों सहित 28 विभागों के कर्मचारियों ने भारी संख्या में एकत्र होकर पैदल मार्च किया इस दौरान एक स्वर में पुरानी पेंशन की मांग गूंजती रही. वहीं वरिष्ठ प्रांतीय अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने बताया जब तक सरकार पुरानी पेंशन पूरी तरह से पूरे देश में बहाल नहीं कर देती है तब तक हम सभी कर्मचारी संघ संगठित होकर अनवरत संघर्ष करते रहेंगे. जिलाध्यक्ष डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा किसी ना किसी प्रकार से एनपीएस लेने का दबाव कर्मचारियों पर बनाया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ कोई भी विधायक सांसद अथवा मंत्री पुराने पेंशन छोड़कर नई पेंशन लेने को तैयार नहीं है इस प्रकार की दोहरी नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 24 मई को प्रेस क्लब में मनेगी स्व. पत्रकार राजेंद्र पांडे की नवीं पुण्यतिथि

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। 24 मई प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में वरिष्ठ पत्रकार स्व. राजेंद्र पांडे की नवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह, विशिष्ट अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी होंगे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह के भी आने की स्वीकृति मिल चुकी है। पुण्यतिथि पर एक गोष्ठी आयोजित करके उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। गोष्ठी का विषय होगा वर्तमान परिदृश्य में बदलती पत्रकारिता।

# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण की फोटो जारी



अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मंदिर निर्माण की कार्य प्रगति को दिखाया, स्तंभों में लगने वाली सुंदर मूर्तियों की तस्वीर जारी की है। तस्वीर जारी करते हुए लिखा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में स्तंभों पीठिका तथा अन्य स्थानों पर सज्जित होने के लिए शास्त्रीय ग्रंथों में वर्णित कथाओं के आधार पर सुंदर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है, इन मूर्तियों का निर्माण प्रक्रिया की सारिणी के अनुसार निर्दिष्ट स्थानों पर प्रस्थापित किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर निर्माण कार्य की तस्वीर राम जन्मभूमि ट्रस्ट समय–समय पर जारी करता रहेगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।